## ख़ास ख़बर

### पार्षद मनोज राम के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में देखरेख के अभाव में करोड़ों रुपया के बेकार परे संसाधन पर लगाया आरोप



**डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर निर्मली सुपौल।** जिले के निर्मली नगर पंचायत कार्यालय निर्मली द्वारा देखरेख के अभाव में करोड़ों मूल्य के बेकार पड़े संसाधन पर नगर के वार्ड संख्या 09 के वार्ड पार्षद मनोज राम ने विभागीय लापरवाही की पोल खोल दी है। वार्ड पार्षद का कहना है कि निर्मली के नागरिकों से टैक्स वसूले गए रुपए के बेजान वस्तु खरीद कर नगर प्रशासन मालामाल हो गया है । किंतु नगर पंचायत कार्यालय द्वारा विगत कई वर्षों से खरीदे गए सामग्री का देखरेख नहीं हो पा रहा है । ऐसे में 1 वर्ष के अंदर ही लाखों रुपए की लागत से खरीदे गए सामग्री क्षतिग्रस्त होकर बर्बाद हो रहे हैं। खरीद की गई सामग्री की निरंतर आवश्यकता रहने के कारण पुनः उक्त सामग्री की खरीददारी तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कर ली जाती है । फिर ढाक के तीन पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए देखने के अभाव में खरीदी गई सामग्री उपयोग करने लायक नहीं रह जाता है। नगर पंचायत कार्यालय की करोड़ों की राशि बर्बाद होते चले जा रहे हैं। जिसका लाभ नगर वासियों को नहीं मिल पाता है। ऐसे करोड़ों की सामग्री लावारिस अवस्था में नगर के यत्र तत्र पड़े हैं।

## शिक्षक संघ ने फूंका मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला




**शुभ भास्कर, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड/ औरंगाबाद (बिहार)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई कुटुंबा ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका और बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के निर्णय के आलोक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में पूर्व से कार्यरत सभी नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त सामंजित करने को लेकर शिक्षक आंदोलनरत है। शिक्षकों की मांग है कि इन्हें राज्यकर्मी का दर्जा देते हुए पुरानी पेंशन लागू किया जाए। यदि सभी नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा नहीं दिया गया तो सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे और 2024 एवं 2025 में सबक सिखा दिया जाएगा। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार सिन्हा, निर्भय कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार नन्द, किशोर सिन्हा, अवधेश प्रसाद, विकास कुमार विश्वास, मयंक भूषण पांडेय, मनोज कुमार, बदे आलम, कमर अहमद, कुंदन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, संजय कुमार, सुनील मिश्र, पंकज कुमार, रामरतन सिंह समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

> ➲ शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के निर्णय के आलोक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में पूर्व से कार्यरत सभी नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त सामंजित करने को लेकर शिक्षक आंदोलनरत है।

# जिला पदाधिकारी द्वारा अंचल कार्यालय का किया सामान्य निरीक्षण

## पुलिस महिला के पति व पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है





**डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने बुधवार को अंचल कार्यालय निर्मली का सामान्य निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत जिला पदाधिकारियों ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अंचल कार्यालय के सभी अभिलेखों की जांच की गई। अभिलेखों के संधारण में थोड़ी सी कमी पाई गई है, जिन्हें सुधार करने का निर्देश दिया गया है। कैश बुक अप टू डेट पाया गया है। भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहम्मद नुरुल ऐन के मॉनिटरिंग में अनुमंडल का राजस्व नंबर वन पर रहता है। वही अंचल अधिकारी मुकेश कुमार को भी राजस्व में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि अगर अनुमंडल स्तर पर राजस्व नंबर वन है तो अंचल का भी राजस्व वृद्धि नंबर वन रहना चाहिए। इसके लिए निरंतर प्रयास किया जाना है। अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी डाटा ऑपरेटर के निष्पादित कार्यों की निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी संतुष्ट हुए। कहा कि अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी सही तरीके से कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप में जिला पदाधिकारी से मुलाकात करने के लिए लोगों की भीड़ तकरीबन 1 घंटे तक जुटी रही। जिला पदाधिकारी ने फरियादियों के शिकायत आवेदन प्राप्त किए एवं शिकायत से संबंधित जानकारी का जायजा लिया। फरियादी ने कहा कि निर्मली प्रखंड अंतर्गत कुनौली पंचायत में विकास मित्र की बहाली में बड़े पैमाने पर अनियमितता की गई है। अधिक अंक वाले अभ्यर्थी के साथ आवेदन पत्र जमा लेने में धोखाधड़ी किया गया है । जमा आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद देने में अभ्यर्थी को गुमराह करते हुए यह कहा गया कि एक ही आवेदन पत्र आपका ही जमा है। इसमें रसीद लेने से क्या फायदा होगा। आवेदन पत्र जमा करने के अंतिम दिन जब अभ्यर्थी ने प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक के पास आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद लेने की मांग करने लगा तो प्रधान सहायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि अधिकारी के द्वारा आपको प्राप्ति रसीद देने की मनाही की गई है ।ऐसे में आप अधिकारी से जाकर मुलाकात करें। शिकायतकर्ता ने जिला पदाधिकारी से यह भी कहा कि उक्त मामले का वॉइस टाइपिंग मेरे पास सबूत के तौर पर है। फरियादी की बात को सुनने उपरांत जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण जल्द कराया जाएगा।

## व्यवहार न्यायालय बीरपुर परिषद में धूम्रपान एवं अन्य किसी प्रकार के तंबाकू सेवन नहीं करने का शपथ दिलाया गया



**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर ,सुपौल ।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के व्यवहार न्यायालय बीरपुर में विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय बीरपुर परिसर में न्यायधीश प्रभारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बीरपुर रागिनी कुमारी के द्वारा न्यायालय के पदाधिकारियों अधिवक्ताओं न्यायालय कर्मियों एवं उपस्थित मुवाकिलो को बुधवार दोपहर में धूमपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन नहीं करने का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी सचिन कुमार , प्रशिक्षु न्यायिक पदाधिकारी पंकज कुमार,विधिज्ञ संघ के सचिव लक्ष्मीनारायण रान ने भी अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में अधिवक्ता शिवनाथ साहू,किसन प्रसाद यादव, प्रभाकर सिंह, सुबोध शर्मा, बृजभूषण लाल दास, विपिन कुमार, विष्णु देव बाहरखेर जय गणेश सिंह ,सिकंदर आलम, अशोक खैरवार, एसपी मंडल, राजेश कुमार सिंह, अभिषेक आनंद, विकास कुमार आदि कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## नशा मुक्त जीवन जीने की दिलाई शपथ

**शुभ भास्कर, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड।** औरंगाबाद (बिहार) 3 विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय कुटुंबा में बुधवार को शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहु ने बच्चों को तंबाकू के किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करने एवं दूसरों को भी इसका सेवन नहीं करने की प्रेरणा देने की शपथ दिलाई। उन्होंने ने बताया कि तंबाकू के किसी भी उत्पाद जैसे- गुटखा, खैनी, सिगरेट,बीड़ी आदि का सेवन जानलेवा है।

## कबीर जयंती को लेकर छातापुर में आयोजित हुआ तीन दिवसीय कबीरमत सत्संग सह प्रवचन कार्यक्रम



**सोनू भगत/ दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सुरपत सिंह उच्च प्लस टू विद्यालय परिसर में महान संत कबीर साहेब की 625वीं जयंती चार जून को मनाई जाएगी। जयंती को लेकर मंगलवार को तीन दिवसीय सत्संग सह प्रवचन का शुभारंभ किया गया। हरिद्वार से पधारे आचार्य रत्न स्वरूप साहेब सहित अन्य संतों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अतिथि संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कबीर साहेब के भजन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में आचार्य रत्न स्वरूप साहेब ने कहा कि एक ही बूंद से सृष्टि की उत्पत्ति हुई है, तो फिर मानव मानव के बीच भेदभाव, छुआछूत, उंच नीच कैसा, यह सब कल्पना मात्र है, इस समाजिक कुसंस्कृति को मिटाने के लिए सदगुरू कबीर साहेब ने जीवन समर्पित कर दिया। बताया की कबीर साहेब का कहना था कि संसार में मानव मात्र की बात होनी चाहिए। कर्म से ही व्यक्ति पुज्य या अपूज्य का पात्र होता है, कोई एक ग्लास पानी पिला दे तो उस व्यक्ति के प्रति सहानुभूति हो जाती है और अगर कोई गाली दे दे तो उसके प्रति क्रोध का भाव उत्पन्न हो जाता है। कबीर साहेब के कथन कबीर खडा बाजार मे सबकी मांगे खैर, न काहू से दोस्ती ना काहू से बैर, को अपनाकर जीवन को सार्थक कर सकते हैं। कार्यक्रम में नेपाल के उमा साहेब, वैशाली के रमाशंकर साहेब, हसनपुर के उपेंद्र साहेब, नाथपुर के महेंद्र साहेब, बेलसरा के रामस्वरूप साहेब, मधेपुरा के योगगुरू असंगदेव साहेब, हरिहरपुर मठ के हरिओम साहेब, कजहा के मधूराम साहेब, मानगंज के जयदेव स्वरूप साहेब, डहरिया के रघुनंदन साहेब, परसा के भोला साहेब, रामदेव साहेब तिलाठी, ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सुनीती दीदी, किरण दीदी, किरण दीदी, विद्यालय के एचएम गुरुचरण पासवान, बैजनाथ दास, अरुण पासवान आदि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी थी।

## मध्य निषेध अधिनियम मामले के एक आरोपित को भीमपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर थाना पुलिस ने मध्य निषेध अधिनियम मामले के एक आरोपित को किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में सुपौल भेजा गया है। इसकी जानकारी देते हुए भीमपुर थानाध्यक्ष अमर नाथ कुमार ने बताया की भीमपुर थाना कांड संख्या-56/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त दिनेश उरांव पिता- रामखेलावन उरांव साकिन-भीमपुर, वार्ड नंबर -07, को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में सुपौल भेजा गया है।

## आईआईआरएफ की रैकिंग में विद्यापीठ राजस्थान में प्रथम स्थान पर



**राजस्थान उदयपुर/ दैनिक शुभ भास्कर** केशव लाल पंड्या इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क - आईआईआरएफ द्वारा 2023 की डीम्ड विश्वविद्यालयों की रैकिंग में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईआईआरएफ की ओर से जारी इस वर्ष की रैंकिंग में विभिन्न श्रेणियों यथा केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड में 1074 विश्वविद्यालयों को रैंक दिए गए। कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई द्वारा 1937 में स्थापित इस संस्था ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विद्यापीठ के कार्यकर्ताओं द्वारा यह खुली आँखों से देखा जा रहा सपना है कि यह संस्था विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाए, और इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी तरह समर्पित भाव से कार्यरत भी हैं। वंचित व आदिवासी वर्ग को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए स्थापित इस विश्वविद्यालय ने अपनी शिक्षा सेवाओं में पारंपरिक शिक्षा संकायों के साथ-साथ समयानुसार नवीनतम तकनीकों यथा कृषि, कम्प्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी संकाय, विज्ञान संकाय, चिकित्सा संकाय, प्रबंध संकाय, समाज कार्य संकाय, शिक्षा संकाय, विधि संकाय, शारीरिक शिक्षा संकाय, उत्खनन सहित हर क्षेत्र में अपना परचम फहराते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। पिछली बार की रैंकिंग में विद्यापीठ ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था और इस बार प्रथम आना विश्वविद्यालय की बढ़ती हुई गुणवत्ता का द्योतक है। विवि अब नैक की सर्वोत्तम ग्रेड की ओर भी तेज़ी से अग्रसर है। यह सब समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की ही बदौलत हो पाया है। रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली ने कहा कि विद्यापीठ की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य दक्षिणी राजस्थान के श्रमजीवी और वंचित वर्ग को समुचित शिक्षा प्रदान करना है और इस रैंकिग में राजस्थान में प्रथम आना इस बात की पुष्टि करता है कि अपने उद्देश्यों की पूर्ती में विद्यापीठ सफल रहा है। रैंकिंग कार्यों के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि उक्त रैंकिंग मुख्यतः 7 संकेतकों पर आधारित है, जो भारतीय सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक पैमाने पर केंद्रित है। इसमें शिक्षण, संसाधन, अनुसंधान, भविष्य का विज़न, अतंरराष्ट्रीय दूरदृष्टि, प्लेसमेंट और छात्रों व शिक्षकों की विश्वसनीयता शामिल है। आईआईआरएफ के अनुसार विद्यापीठ सहित मुख्य विश्वविद्यालय भारत में उच्च शिक्षा के सबसे प्रमुख स्रोत हैं, जहां छात्र शैक्षणिक कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर अपने वांछित पाठ्यक्रम और विशेषज्ञता का अध्ययन कर सकते हैं। इससे पूर्व आईआईआरएफ के शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग में विद्यापीठ को डीम्ड विश्वविद्यालयों में तीसरा तथा इम्पैक्ट रैंकिंग में राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। यूनी रेंक द्वारा कराये गये सर्वे में भी विद्यापीठ ने उदयपुर में पहला स्थान प्राप्त किया था।

> ➲ रैंकिंग कार्यों के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि उक्त रैंकिंग मुख्यतः 7 संकेतकों पर आधारित है

रेलवे | मृतक के पत्नी गीता देवी ने बताया कि वर्तमान समय में मेरे पति की पोस्टिंग पंचगछिया रेलवे स्टेशन पर कार्यरत थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी की हुई मौत



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल।** जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर उत्तर पंचायत के कमलजरी गांव में रेलवे के कर्मचारी कि मंगलवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत घटनास्थल पर हो गई। उनके मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि किशनपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 10 निवासी उमेश सादा 42 (वर्ष) साल 2003 में अनुकंपा पर रेलवे डिपार्टमेंट पॉइंट्समैन पद पर बहाल हुए थे। मृतक के पत्नी गीता देवी ने बताया कि वर्तमान समय में मेरे पति की पोस्टिंग पंचगछिया रेलवे स्टेशन पर कार्यरत थे। कहा की मंगलवार की सुबह खाना - खाकर सुबह की ट्रेन से ड्यूटी के लिए पंचगछिया रेलवे स्टेशन गया हुआ था। इसी दौरान मृतक की पत्नी गीता देवी ने अपने पड़ोसी के साथ निजी काम से सहरसा एक अस्पताल गए हुए थे। जहां शाम में सहरसा से वापस ट्रेन से घर लौट रहे थे। इसी बीच उसके पति का भी पंचगछिया रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी समाप्त हो गया था। मोबाईल से पत्नी से बात कि दोनों व्यक्ति उसी ट्रेन से एक साथ घर आए। रात लगभग 10 बजे खाना खाकर सब परिवार सो गए। इसी बीच रात करीब 12 बजे पेशाब करने के लिए रेलवे ट्रैक के पास गया हुआ था। इसी दौरान अचानक दरभंगा से सहरसा जाने वाली ट्रेन के चपेट में आने से वें गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पिता पूषण सादा भी रेलवे कर्मचारी थे। उसके पिता का भी मौत रेलवे दुर्घटना में साल 1998 हो गई थी। उसके पिता के ही जगह पर अनुकंपा पर 2003 में मृतक उमेश को रेलवे में पॉइंट्समैन पद पर नौकरी मिली थी। बताया जाता है कि मृतक को पांच संतान है। जिसमें दो पुत्री सादी सुधा हैं। इसके अलावा पुत्र अजय कुमार,ओम प्रकाश कुमार और एक पुत्री आशा कुमारी हैं, मृतक की पत्नी गीता देवी का रो- रो कर बुरा हाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अब मेरे छोटे- छोटे बच्चों का लालन - पालन कैसे होगा किसके भरोसे मेरे छोटे- छोटे बच्चे का पढ़ाई, लिखाई व घर का खर्चा चलेगा। घर का कमाने वाला एक ही था उमेश। परिजनों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी और रेलवे डिपार्टमेंट को दिया। उसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे डिपार्टमेंट के आरपीएफ कांस्टेबल आरके ठाकुर और प्रभारी मो रजाउल्लाह ने कहा कि शव सहरसा ले जाया जाएगा और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दी जाएगी। कहां की तत्काल दाह संस्कार के लिए रेलवे डिपार्टमेंट की ओर से परिजनों को 10 हजार रूपए नगद राशि दी जा रही है।

## युवाओं में बढ़ती नशे की लत को सामूदायिक भागीदारी से रोकना होगा -संभागीय आयुक्त

**उदयपुर दैनिक शुभ भास्कर सुनील कुमार (बद्री )।** निरोगी राजस्थान अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे विश्व तंबाकू निषेध दिवस दिनांक 25 मई से 31 मई तक 7 दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन रविंद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला प्रदर्शनी एवं रैली का आयोजन किया गया । तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को मनाया गया 7 विश्व तंबाकू निषेध दिवस को साप्ताहिक रूप से मनाने के लिए 25 मई 2023 से 31 मई 2023 तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में तंबाकू मुक्त रहने के लिए जन जागरूकता फैलाई गई 7 तम्बाकू मुक्त, तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं आरएनटी मेडिकल कॉलेज के महाराणा भोपाल चिकित्सालय में संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई 7 कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त महोदय ने बताया कि युवाओं में दिनों दिन नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है और यह काम अपने घर से करना चाहिए । जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि किसी भी विषय कार्यक्रम पर को वर्ष में 1 दिवस मनाया जाता है उसके पीछे मंशा यह रहती है कि उस कार्यक्रम को सफल बनाने लिए हमें आगे आने पड़ेगा 7 इसी तरह विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष पर मैं सभी युवाओं से आह्वान करना चाहता हूं कि नशे में परिवार व समाज आर्थिक रूप से पिछड़ जाता है तंबाकू सेवन से कई तरह की बीमारियां शरीर में प्रवेश कर जाती हैं जिसमें कैंसर मुख्य हैं तंबाकू उत्पाद से हमें दूर रहना चाहिए।

संयुक्त निदेशक डा 1जेड. ए. काजी ने बताया कि बिना लक्ष्य निर्धारित किए तंबाकू निषेध कार्यक्रम की सफलता संभव नहीं है अतः सभी को अपने आसपास कम से कम दो व्यक्तियों को तंबाकू से मुक्ति दिलाने का संकल्प लेना होगा तभी यह कार्यक्रम सफल हो सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामनिया ने तंबाकू निषेध के लिए विभाग द्वारा चलाए गए पूरे वर्ष के कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया । पूरे वर्ष कोटपा एक्ट के तहत हुई कार्यवाही एवं चालान का ब्यौरा प्रस्तुत किया । तंबाकू निषेध दिवस हेतु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें नर्सिंग के छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारियाँ दीं।

## ख़ास ख़बर

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्त बिहार अभियान का आयोजन



**शुभ भास्कर, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड/ औरंगाबाद (बिहार)।** नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में बुधवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 10+2 बैजा बिगहा में नशा मुक्त बिहार अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों व शिक्षकों को नशा सेवन न करने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन बीके करण भाई ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके दिनेश भाई ने कहा कि नशा नाश का द्वार है। ब्रह्माकुमारीज अम्बा सेन्टर द्वारा राजयोग मैडिटेशन सिखाये जाने तथा नशा मुक्त होने के विषय मे जानकारी दी गई। बेबी बहन ने स्वयं परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की बात बताई।बबली बहन ने आत्मानुभूति सुनाई और पांच विकार काम,क्रोध,लोभ,मोह और अहंकार से दूर रह कर शिव बाबा से योग लगाने की बात बतलाई।इस कार्यक्रम के अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि तम्बाकू सेवन से होने वाली कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी से भारत में लगभग सात लाख व इसके धुएं से लगभग छः लाख लोग हर वर्ष मृत्यु को प्राप्त करते है। इस कार्यक्रम का लाभ लेकर व्यसन मुक्त जीवन अपनानी चाहिए। विद्यालय के शिक्षक विनय कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## सहदेवा फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक किट का वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर /धनबाद (झारखंड) ।** सहदेवा फाउंडेशन, भूली, धनबाद के तत्वाधान मे इंटेलीऑनीक्स द्वारा निपानिया मल्लिक टोला के बच्चों को लेखन किट वितरण किया गया फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष सिंह ने बताया कि हमारे संजोजक या कोई संस्था द्वारा बहुत ही जरूरतमंद गाँव, टोला के बच्चों को चिन्हित करके शार्ट लिस्ट तैयार कर रहें हैं यहाँ के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए हमलोग जरुरी पाठ्य सामग्री उपलब्ध करा रहें हैं एवं सभी बच्चे को उचित शिक्षा भी निःशुल्क उपलब्ध कराएँगे इंटेलीऑनीक्स के संस्थापक शंकर मुर्मू ने बताया कि बलियापुर प्रखंड प्राय~ सभी गाँव टोला मे उचित संसाधन उपलब्ध हो चूका है लेकिन इस टोला के लोगों को उचित एवं पक्का सड़क के लिए मोहताज है बरसात मे पैदल आने जाने के लिए भी सोचना पड़ता है यहाँ के सभी घर के लोग दैनिक मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं यहाँ के एक भी बच्चा अच्छे स्कूल मे पढ़ाई नहीं करते हैं यहाँ के हर बच्चे पढ़ाई करना चाहते हैं सिर्फ उचित संसाधन से कई कोसों दूर हैं हमारा प्रयास रहेगा कि यहाँ के बच्चों के लिए बड़े से बड़े एनजीओ को आमंत्रित करके शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे

एवं आगे अतिआवश्यक ग्रामीण बच्चों को सभी तरह के पाठ्य पुस्तक तथा निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के सदस्य आशीष कुमार और आयुष भगत का योगदान काफ़ी सराहनीय रहा यहाँ 50 से भी अधिक बच्चे को किट उपलब्ध कराया गया

मौके मे सुधन मलिक साहेब राज जागेश्वर पारु प्रेम सुमित और रोहित आदि मौजूद थे

# टुंडी डाकबंगला परिसर में भाजपा के सातों मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न



**बैठक**

- संगठन के सशक्तिकरण हेतु हरेक प्रदेश में एक नरेंद्र मोदी जैसा संकल्पित नेता की आवश्यकता -- महादेव कुंभकार


**दैनिक शुभ भास्कर, कामाख्या नारायण मिश्र, जिला संवाददाता/ धनबाद (झारखंड)।** - जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत डाकबंगला परिसर में भारतीय जनता पार्टी के सातों मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साथी दशरथ ठाकुर एवं संचालन युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष विकास चन्द्रा ने किया । जहां मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुम्भकार उपस्थित थे। बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री कुम्भकार ने सभी मोर्चा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आगामी 14 जून को राजगंज में होनेवाली संयुक्त मोर्चा की सम्मेलन को सफल बनाना है , और साथ में उन्होंने यह भी कहा की भाजपा संगठन की मजबूती को लेकर जितनी जिम्मेदारी पूर्वक नरेन्द्र मोदीजी चिंतित एवं संघर्षरत रहते हैं उतना हम सभी कार्यकर्ताओं की भी जिम्मेवारी बनती है । उन्होंने हरेक प्रदेश में एक मोदी जैसा सशक्त नेता बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री कुम्भकार ने टुण्डी प्रखण्ड ओबीसी मोर्चा की कप्तानी राजकिशोर कुम्भकार को सौंपी जिसे सबों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया । बैठक में मुख्य रूप से दशरथ ठाकुर , युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास चन्द्रा , किसान मोर्चा अध्यक्ष चन्द्र मोहन राय , महिला मोर्चा द्रोपदी देवी , नकुल सिंह , भोला पण्डित ,चुडामन महतो , तालेश्वर साव ,काशी साव एवं राजेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## राशन कार्ड को शत प्रतिशत करें सीडिंग, एम ओ ने बैठक में दिया निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर ,प्रेम कुमार ,प्रखंड संवाददाता ,हसपुरा/ औरंगाबाद (बिहार)।** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग द्वारा राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राशन कार्ड को शत प्रतिशत आधार सीडिंग का निर्देश दिया गया है। जिसे लेकर एम ओ प्रशांत कुमार ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ आपूर्ति कार्यालय में बैठक की। उन्होंने डीलरों के बीच कहा सीडिंग का कार्य में तेजी लाएं। उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता लाएं कि हर हाल में 30 जुन तक सीडिंग करा लें। उन्होंने कहा कि इसके लिए उपभोक्ताओं से समन्वय स्थापित करें और आधार सीडिंग का लक्ष्य को पूरा करें।जब शत प्रतिशत आधार सीडिंग होगा तो राशन वितरण में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इससे आवंटन का लक्ष्य भी पूरा होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं के बीच मोटा अनाज के बारे में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। कहा की इसके लिए उपभोक्ताओं से राय लें। इसके अलावा लाइसेंस में दिए गए दिशा निर्देश को पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में रामनरेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह,चंदन कुमार,रामभवन सिंह,युगेश गुप्ता, शाहनवाज खां,मनोहर गुप्ता , फिरोज खां सहित दर्जनों डीलर उपस्थित थे।

## मजदूर के याद में मासस ने निकाला विशाल रैली



**दैनिक शुभ भास्कर शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड।** धनबाद जिले के नुनूडिह लाल मैदान में 31 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष पर क्ष्ष्य एवं मासस ने बुधवार को मजदूर दिवस मनाया। क्ष्ष्य एवं मासस के हजारों कार्यकर्ता नुनूडिह लाल मैदान से झरिया होते हुए फिर से नुनूडिह लाल मैदान पहुंचकर माल्यार्पण किए। मुख्य अतिथि के रुप में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, मासस के केंद्र सचिव बबलू महतो, सुबूर गोराई एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए थे। निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने मजदूर के हितों में बात कहा और स्वर्गीय कॉमरेड एके राय के पद चिन्हों पर उनके बताए मार्ग पर चलने को कहा। मासस के केंद्र सचिव बबलू महतो ने कहा कोयलांचल के एकमात्र मजदूर कॉमरेड नेता एके राय थे। जिन्होंने अपना सारा जीवन कोयलांचल के मजदूरों के नाम किया। बबलू महतो ने यह भी कहा आज जिस तरह कोयलांचल में मजदूरों का शोषण हो रहा हैं आज फिर से हर मजदूरों को कॉमरेड एके राय के बताए हुए रास्ते में चलना पड़ेगा

## हसपुरा में सर्वदलीय शोक सभा का आयोजन,दी गई श्रद्धांजलि

- जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह रालोजद नेता संतोष शर्मा ने की।

**दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता ,हसपुरा/ औरंगाबाद(बिहार)।** हसपुरा बाजार के रघुनंदन मार्केट स्थित सभागार में औरंगाबाद प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह जदयू के वरिष्ठ नेता सुमित्रानंदन पंत के निधन पर सर्व दलीय शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह रालोजद नेता संतोष शर्मा ने की।रालोजद के राष्टीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक डा.रणविजय कुमार, जदयू के पूर्व श्रमिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जार्ज, लोजपा के प्रदेश सचिव विजय अकेला सहित दर्जनों गण्यमान व विभिन्न दल के कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। रालोजद के राष्टीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक डा.रणविजय कुमार ने कहा दिवंगत सुमित्रानंदन पंत शिक्षक रहकर भी समाज व राजनीति से जीवन पर्यंत जुड़े रहे। वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।उनका निधन से समाज व राजनीतिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। जदयू श्रमिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा संकट के घड़ी में वे कभी विचलित नहीं हुए। गांव से लेकर जिला स्तर तक मजबूती के साथ समर्पित होकर पार्टी का काम किया था। लोजपा के प्रदेश सचिव विजय कुमार अकेला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचार व जीवनी से सीख लेना ही असली श्रद्धांजलि होगी। उनके अधूरे सपने को शंकल्प के साथ पुरा करना ही श्रद्धांजलि होगी। जदयू नेता विद्यानंद सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रसाद सिंह, राजेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, धनंजय कुमार मुन्ना, रामजीत सिंह, गुडु पासवान, बिन्देश्वर सिंह,अजय सिंह, रिटायर्ड फौजी बिन्देश्वरी सिंह,रालोजद नेता नारायण शर्मा सहित दर्जनों गण्यमान लोगों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया एक साथ कई योजनाओं का शिलान्यास



**दैनिक शुभ भास्कर/ घनश्याम पाठक ,संवाददाता / बगोदर गिरिडीह (झारखंड )।** बगोदर विधानसभा अंतर्गत विधायक विनोद कुमार सिंह ने एक साथ कई योजनाओं का किया शिलान्यास बगोदर प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के अडवारा गांव में तालाब का जीर्णोद्धार , तुकतुको ठाकुर टोला में पीसीसी पथ निर्माण , मुन्डरो पंचायत के पैसरा और बखरी डीह में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार , एवं अटका का पूर्वी पंचायत में यमुना तालाब का जीर्णोद्धार , अटका पश्चिमी पंचायत में नाली निर्माण का शिलान्यास एक साथ किया गया । इस मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव पवन महतो , पूर्व जीप सदस्या पूनम महतो उप प्रमुख हरेंद्र सिंह तेज नारायण पासवान खूब लाल महतो पूरनचंद् महतो शिवशंकर महतो कुंजलाल महतो टेकनारायण साव रमेश कुमार मनोहर मंडल विजय सिंह बिहारीलाल मेहता लाल मोहन महतो बासुदेव विद्यार्थी राजू महतो कारु लाल महतो राजू सिंह नंदलाल महतो मनोज मंडल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे

## व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पहली महिला पोक्सो जज- स्नेही



**दैनिक शुभ भास्कर,अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरो चीफ,बिहार - झारखंड/ श्याम किशोर मिश्र, जिला संवाददाता औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के पोक्सो कोर्ट में एडीजे मीतू सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण करते हुए कोर्ट में लम्बित याचिका एवं अन्य मामलों में सुनवाई की, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए किसी में केस डायरी तो किसी में एलसीआर की मांग की, पोक्सो कोर्ट में चल रहे मामलों की जानकारी स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता के हवाले से सतीश कुमार स्नेही ने मीड़िया को देते हुए बताया कि तीस केस में सुनवाई लगभग पुरी होने वाले है। ,जज ने व्यवहार न्यायालय के पोक्सो कोर्ट के न्यायिक व्यवस्था की जानकारी ली,एक ट्रायल वाद दुसरे कोर्ट से स्थानांतरित होकर आया था उसमें पोक्सो एक्ट में चार्ज बनाने का आदेश दिया, वहीं एक दुसरे वाद के सुनवाई के दौरान कहा कि जिस दिन गवाही बंद होगा उस दिन बयान नहीं होगा,स्टेज टू स्टेज प्रोसिडिंग चलेंगी, आपको मालूम कि पोक्सो कोर्ट के जज एडीजे ब्रजेश कुमार पाठक का तबादला पटना हो गया है, उनके स्थान पर पटना हाईकोर्ट ने पटना कोर्ट से एडीजे मितु सिंह को तबादला व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में किया है।उपरोक्त आशय की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी है।

## नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड बलियापुर।** पलानी पंचायत अंतर्गत बेलगड़िया टाउनशिप में बुधवार को ए.एस.जी अस्पताल द्वारा नि~शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ए.एस.जी अस्पताल द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी कार्य सराहनीय है। टीम को बहुत बहुत बधाई दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ संजय कुमार रजक ने कहा कि बलियापुर क्षेत्र में पिछले पांच सालों में एक सौ से अधिक नि~शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया है। शिविर में एक सौ से अधिक मरीजों का जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ संजय कुमार रजक,रवि सिन्हा, गीता देवी आदि कर रहे थे। मौके पर सीमा देवी, पंसस लक्ष्मी नारायण महतो, पंसस निर्मला देवी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक,शीतल दत्ता, उपेन्द्र सिंह, एएनएम लक्ष्मी देवी, राहुल मिश्रा, दिनेश महतो,अजय रजक, जितेन्द्र महतो,छोटू अंसारी विनोद खटीक आदि मौजूद थे।



**बैठक** | महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार महतो का कहना है

# आर्ट्स में बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय के टॉपर बनी काजल कुमारी



**दैनिक शुभ भास्कर, बहादुर राय, प्रखंड संवाददाता तोपचांची धनबाद (झारखंड)।** तोपचांची प्रखंड स्थित बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय के काजल कुमारी आर्स में महाविद्यालय में टॉपर बनी एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए 89.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला में चतुर्थ स्थान लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया महाविद्यालय में 348 छात्राएं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 99 प्रतिशत छात्राएं सफल हुई प्रथम स्थान 214 बच्चियों ने की द्वितीय स्थान 118 एवं तृतीय स्थान 3 बच्चियों ने की वहीबिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय मदैयडीह सुदूर क्षेत्र होने के बावजूद भी यहां के बच्चियों ने जिला में चतुर्थ स्थान लाकर अपने मां-बाप के साथ साथ महाविद्यालय का मान बढ़ाया है वही महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार महतो का कहना है पहले अच्छे रिजल्ट बड़े-बड़े शहरों में हुआ करते थे लेकिन आज हम कह सकते हैं ग्रामीण क्षेत्र भी उससे पीछे नहीं है वही काजल कुमारी लेदाटांड पंचायत गोरमारा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाली है पिता टेकलाल महतो एक चालक है (ड्राइवर) है बड़ी कड़ी मेहनत करके अपने बच्चियों को पढ़ाते हैं आज उसका बच्ची शानदार प्रदर्शन कर उसका मान बढ़ाया है काजल कुमारी की माता रुकमणी देवी 4~00 बजे भोरे उठकर बच्चियों के लिए खाना तैयार करती थी और बच्चों को कॉलेज भेजा करती थी उसी का परिणाम आज देखने को मिला है रुकमणी देवी बहुत खुश देखिए काजल कुमारी को उसके माता-पिता एवं गार्जियन स्वरूप महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, अनिल रजवार ,बलदेव महतो, बिरजू प्रसाद महतो, ओमप्रकाश महतो, शिवा महतो, इकबाल अंसारी, ने सफल छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए

## बोकारो समाहरणालय परिसर में उपायुक्त ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान की की शुरुआत



**दैनिक शुभ भास्कर , साजिद , ब्यूरो चीफ/ बोकारो (झारखंड)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बोकारो के परिसर में उपायुक्त ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान की शुरुआत की गई। 21 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु सुबे के उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी द्वारा 31 मई से 31 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में कृति श्री डॉक्टर एस के मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अधिकारी गण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में तंबाकू के आदत को छोड़ने के लिए कई कार्यक्रम के आयोजन होने की बात कही गई तथा परिवार कल्याण स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के इस कार्यक्रम का लाभ युवाओं एवं तंबाकू से ग्रसित लोगों को उठाने का आग्रह किया। तंबाकू जानलेवा है और इसे आसानी से छोड़ा जा सकता है बस आत्मबल होना चाहिए।

## खास ख़बर

# सेवा को मिला सम्मान - रक्तदान के क्षेत्र में रोटी बैंक युथ क्लब को किया गया सम्मानित !



**दैनिक शुभ भास्कर, दुलाल रजवार, बाघमारा/ धनबाद (झारखंड) ।** समर्पण एक नेक पहल संस्था के द्वारा रोटी बैंक यूथ क्लब को रक्तदान के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। रोटी बैंक यूथ क्लब पिछले 5 साल से धनबाद के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को भोजन करा रही है साथ में रक्तदान का कार्य कर रही है हर साल 3 बार ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जाता है और हर रोटी बैंक के सदस्य के द्वारा जरूरतमंद लोगों को ब्लड मुहैया कराया जाता है आज के इस आयोजन में रोटी बैंक युथ क्लब को सम्मानित किया गया,आज का आयोजन तेतुलमारी एरिया ऑफिस में रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष श्री दीपेश कुमार चौहान जी के द्वारा रोटी बैंक युथ क्लब संस्था को निःस्वार्थ भावना और जमीनी स्तर से कर रहे सेवा को देखकर संस्था को आमंत्रित करके समान्नित किया। रोटी बैंक के अध्यक्ष श्री रवि शेखर ने कहा कि ये सम्मान संस्था के संस्थापक को नहीं मिला, उन सभी रक्तवीर को मिला जो हर रक्त जरूरत मंद को समय पर रक्तदान करके उनका जीवन बचाते हैं। हम सभी रक्तवीर को दिल से नमन करते हैं और आग्रह भी करते हैं इसी तरह आप सभी सदस्य संस्था को आगे बढ़ने में सहयोग करते रहिए। आप सभी से वादा करते हैं हमसे जितना हो पायेगा, हम हमेशा समाज मे सेवा करने के लिए तैयार रहेंगें। मौके पर जय प्रकाश,नीरज सिन्हा,महुआ दत्ता,राहुल पंडित,निधि कुमारी,आलोक बर्णवाल,सोनम कुमारी, श्रीषा भारद्वाज,एहसान अफ़ज़ल आदि लोग मौजूद थे ।

# सवन कुमार मोदी के रिटायर पर सहकर्मियों ने उपहार व सम्मानित कर दी विदाई



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर/ धनबाद (झारखंड)।** धनबाद जिले से जहां झरिया बस्ताकोला क्षेत्र के घनुडीह कोलियरी में फिटर के पद पर कार्यरत सवन कुमार मोदी सेवानिवृत्त होने पर कुईयां कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जीएम जी. एस. सी. राय, एजेंट सतेंद्र सिंह, और मेनेजर संजीव काश्यव ने रिटायर कर्मी सवन कुमार मोदी को माला पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। जीएम जी. एस.सी.राय ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी सवन कुमार महतो कार्यकाल हमेशा कंपनी हित में रहा, कार्यशैली की सराहना की। सेवानिवृत्त कर्मी सेवानिवृत्ति भुगतान का निवेश सही जगह करने व योजनाबद्ध तरीके से करने की सलाह दी। सहकर्मियों ने भी रिटायर कर्मी को उपहार देकर सम्मानित किया। संयोजक सवन कुमार मोदी के द्वारा कुईयां कार्यालय में कार्यक्रम के साथ साथ भोजन का भी आयोजन किया गया। मौके पर जीएस सी राय, सतेंद्र सिंह, संजीव कश्यप,प्रह्लाद महतो,तुलसी रवानी, राजेंद्र पासवान, कालीपद रवानी, सुभाष महतो, देवरंजन दास, निर्मल बाउरी, संजय महतो,अशोक महतो, पप्पु महतो सैकड़ों आदि उपस्थित थे।

## डेकची बाल्टी लेकर महिलाएं सड़क पर उतरी

**दैनिक शुभ भास्कर।** पीट वाटर पानी की नियमित रूप से आपूर्ति के मांग को लेकर नार्थ तीसरा गोकुल पार्क के ग्रामीणों ने कांग्रेसी नेता भोला साहनी के नेतृत्व में नार्थ तिसरा जयरामपुर जाने वाली कोलियरी मार्ग को लगभग 4 घंटे तक जाम कर प्रदर्शन किया बाद में परियोजना पदाधिकारी एसके सिन्हा मौके पर पहुंचे वार्ता कर समस्या का समाधान करने की बात कही इसके बाद जाम समाप्त हुआ जाम के कारण कोयला लोड करने के लिए जा रही ट्रकों की लंबी कतार लगी रही।

# भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

### 2 जून को पूर्णाहुति महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि में भक्ति जागरण का कार्यक्रम है अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।



**दैनिक शुभ भास्कर, बहादुर राय, तोपचांची/ धनबाद (झारखंड) ।** बुधवार को तोपचांची प्रखंड स्थित नेरो पंचायत के नीमटांड(डोमनपुर) में भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा बैंड बाजा, डीजे, ढोल के साथ नीमटांड मंदिर प्रांगण से शुरू होकर डोमनपुर, मदनपुर, खुरडीह से होते हुए ब्राह्मणडीहा ग्राम स्थित कतरी जोरीया पहुंचे.कलश यात्रा में 301 महिलाएं माथे में कलश लेकर प्रभु का गुनगान करते चल रही थी. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल लेकर श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरा गांव में भक्ति का माहौल बना हुआ है। जगह-जगह कलश यात्रा में चल रहे हजारों श्रद्धालुओं को ठंडा शरबत तथा पानी पिलाकर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित पंडित गोपाल पांडे शास्त्री ने कहा कि 31मई से 2 जून तक प्रतिदिन सुबह वेदी पूजन, आरती तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

संध्या 8 बजे से श्री राम कथा एवं 1 जून को रात्रि संध्या 8ः00 बजे से छो नित्य का कार्यक्रम क्या गया है 2 जून को पूर्णाहुति महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि में भक्ति जागरण का कार्यक्रम है अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पंचायत के मुखिया उमेश महतो, सांसद प्रतिनिधि जिप सदस्य प्रतिनिधि सुभाष रवानी, पंचायत समिति सदस्य कुमारी रिंकू महतो, ब्राह्मणडीहा पंचायत के मुखिया विवेक पासवान सुरेश महतो, पवन महतो तपन दुबे तूफान साव, धनंजय महतो, शिवलाल महतो गणेश महतो, नारायण चंद्र महतो, समाजसेवी बहादुर राय, गोपाल राय, भीम लाल महतो, दौलतराम महतो मोती महतो विश्वनाथ महतो, सुनील रजवार दिलीप महतो बिरजू नाथ महतो, करण महतो सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कतरी नदी का निरीक्षण करने पहुंचे धनबाद डीडीसी, बाघमारा बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों की टीम

**दैनिक शुभ भास्कर, दुलाल रजवार, बाघमारा/ धनबाद (झारखंड) ।** कतरी नदी का निरीक्षण करने के लिए धनबाद डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, बीपीओ लक्ष्मी कुमार एवं दीपक कन्हैया, एई नवीन कुमार एवं निशांत तिवारी, जेई अमित कुमार एवं पृथ्वी दास सहित अन्य अधिकारियों की टीम नदी के विभिन्न स्थानों पर जाकर नदी का निरीक्षण किये। अधिकारियों की टीम ने धावाचीता, कांको पुल, लिलोरी स्थान मुक्तिधाम, लिलोरी मंदिर कतरी नदी घाट आदि क्षेत्रों में स्थानों में नदी का मुआयना किया। डीडीसी ने बताया कि जल्द ही कतरी नदी की साफ सफाई के लिए काम शुरू किया जाएगा। चेक डेम का निर्माण भी किया जायेगा।



हालांकि कतरी नदी पर किये गए अतिक्रमण के सवाल पर अधिकारियों ने चुप्पी साधे रखी। एक ग्रामीण ने हमारे संपादक से बात करते हुए कहा कि धावाचीता पुल के पास जब बीडीओ से पाइप फैक्ट्री से निकलने वाली नाली एवं नदी को प्रदूषित करने को लेकर सवाल किया तो बीडियो ने कहा मेरे पास आपके सवालों का जवाब नहीं है। ग्रामीण ने और एक प्लांट के बारे में बताया कि बीरबल मंडल का मुर्गी फार्म से गंदा पानी नदी पर बहा दिया जाता हैं जिससे दुर्गंध भी फैलता है। मौके पर कतरी नदी बचाओ समिति के सदस्यगण एवम् बिनोद कुमार, छोटन रजक,मिलन कुमार आदि उपस्थित थे। आपको बता दें कि नदी पर अतिक्रमण का मामला कोई नया नहीं है, लगातार जनता ने अतिक्रमण का मामला उठाया जिसके कारण सत्ता पक्ष के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने विधानसभा में कतरी नदी अतिक्रमण का मामला उठाया था उसके बाद प्रशासन रेस में आई और कतरी नदी का निरीक्षण का कार्य शुरू हुआ। अब देखना यह होता है कि निरीक्षण का रिपोर्ट सिर्फ फाइलों में दबी रह जाएंगी या फिर नदी का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू होगा।

# बलियापुर में आजसू पार्टी की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर/ धनबाद (झारखंड)।** बलियापुर में सुदेश महतो के धनबाद आगमन को ले बुधवार को बलियापुर में आजसू कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसमें सुदेश महतो के कार्यक्रम में जाने संबंधी तैयारियों पर चर्चा की गई। आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि सुदेश महतो के कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग आजसू का दामन थामेंगे। इसके अलावा 8 जून को प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया। प्रखंड में जल समस्या, बंद पड़े सोलर लाइट व भिखराजपुर जमीन पर विस्तृत रूप से चर्चा कर आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महतो, गोपाल महतो, सुरेश महतो, रुपेश प्रमाणिक, एजाज अहमद, उत्तम, अरमान, भोला, वसीम, मनोज, नरेश महतो, राकेश महतो, बलराम सूत्रधर, सुधीर महतो, सुजीत बाउरी आदि मौजूद थे।

## विद्युत विभाग के विरुद्ध नारेबाजी

**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर /धनबाद (झारखंड)।** बलियापुर प्रखंड के साफ्टा गांव में आंधी बारिश से गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर पोल समेत गिर जाने से गांव में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई है एक सप्ताह से अंधेरे में रात गुजार रहे ग्रामीणों का गुस्सा आज बुधवार को फूट पड़ा ग्रामीणों ने आज गांव में विद्युत विभाग के विरोध में रैली निकाल जमकर नारे लगाए ग्रामीण विद्युत विभाग हाय हाय के नारे लगा रहे थे ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त बिजली पोल एवं ट्रांसफार्मर को जल्द नहीं लगाया गया तो ग्रामीण मामले को लेकर आंदोलन तेज करने को विवश होंगे विद्युत विभाग के विरुद्ध नारेबाजी के दौरान गांव के विश्वनाथ महतो विनोद मंडल बबलू मंडल अजीत मंडल भूचू लोया रोहित मंडल मंतोष महतो रीता मंडल सुंदरा मंडल सोनका मंडल उर्मिला देवी गुलाबी टीवी आशा देवी समेत सैकड़ों थे इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता उदय कुमार सिंह ने कहा कि विभाग को पोल की कमी है

# ए एस जी नेत्र अस्पताल धनबाद की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया



**दैनिक शुभ भास्कर, सम्पद गोप, बलियापुर /धनबाद (झारखंड)।** बलियापुर प्रखंड क्षेत्र की बेलगड़िया टाउनशिप कॉलोनी में आज बुधवार को ए एस जी नेत्र अस्पताल धनबाद की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ संजय कुमार रजक द्वारा एक सौ से भी अधिक लोगों का नेत्र जांच किया गया आवश्यक सलाह दी गई शिविर का उद्घाटन बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने किया इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण महतो रवि सिन्हा गीता देवी निर्मला देवी सीमा देवी विजय रजक उपेंद्र सिंह राहुल मिश्रा शीतल दत्त दिनेश महतो अजय रजक जितेंद्र महतो आदि का योगदान रहा !

# प्रशिक्षण ही जीवन के अंदर नवीनता लाती है -नकुल कुमार शर्मा

**भागलपुर।** दिनांक 31 मई 2023 को गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी में चल रहे लेखा प्रशिक्षण वर्ग के दीक्षांत समारोह का प्रारंभ विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा, अवकाश प्राप्त निरीक्षक दामोदर प्रसाद, रोहतास विभाग के निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार ,वर्ग के प्रधानाचार्य सतीश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नकुल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय में काम करने



वाले कार्यकर्ता के अंदर एक भाव जगता है कि विद्या भारती योजना एक परिवार है। इस भाव को हम लोग विकसित भी करते हैं। प्रशिक्षण, कार्यशाला, वर्कशॉप, सेमिनार यह सभी बातें आप सुनते हैं। प्रशिक्षण एक अपने जीवन में नयापन है। समय परिस्थिति पर हमें बदलना चाहिए। विद्या भारती में सभी के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था है। आज आप लोगों का प्रशिक्षण है इसी प्रकार विद्या भारती के पूर्णकालिकों का भी प्रत्येक वर्ष पांच दिन का प्रशिक्षण होता है। प्रशिक्षण ही जीवन के अंदर नवीनता लाती है। प्रशिक्षण द्वारा नए-नए टेक्नोलॉजी सीखते हैं आज के दीक्षांत समारोह में उनके द्वारा संबल हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन किया गया जो लेखा प्रशिक्षण वर्ग में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थी आचार्य द्वारा निर्मित किया गया था। हम सभी नए भारत का निर्माण करने वाले हैं इसके लिए मनुष्य का निर्माण आवश्यक है।

दामोदर प्रसाद ने कहा कि हम जिस ताले की कुंजी हैं वह ताला और खजाना सुरक्षित है अगर सुरक्षित नहीं है तो मेरा विकास हो सकता है क्या यह विचार करने का विषय है। विद्या भारती का विशाल क्षेत्र खड़ा हुआ है सच्ची निष्ठा के कारण। विद्यालय विकास में कार्यालय प्रमुख का बहुत बड़ा योगदान होता है।

गया विभाग के विभाग प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद ने नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती के कार्यक्रम प्रारंभ से ही बाल विकास के पुनीत कार्य केवल शरीर और बुद्धि तक सीमित नहीं होता। एकांगी विकास महत्वहीन है और सर्वांगीण विकास जिनके कारण संस्कार ,वृत्ति ,आचरण ,जीवन दृष्टि और किसी भी चुनौती का सामना करने का संकल्प ऐसे कार्य /भाव कार्यक्रमों के माध्यम से होता है। अंतःकरण के विकास से ईश्वर प्रकट होते हैं। विद्या भारती के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और प्रतियोगिता होती है जो विद्यालय स्तर से अखिल भारतीय स्तर तक संपन्न होती है। विद्या भारती ने शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श शिक्षा का मॉडल प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

आज के कार्यक्रम का संचालन रोहतास विभाग के निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार द्वारा एवं अतिथि परिचय वर्ग के प्रधानाचार्य सतीश सिंह द्वारा किया गया। साथ ही सतीश सिंह ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण वर्ग 25 मई से 31 मई तक आयोजित था जिसका आज दीक्षांत समारोह हो रहा है किंतु सेवा स्थायित्व प्रशिक्षण वर्ग एवं नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 13 जून तक चलने वाला है।

इस अवसर पर राकेश नारायण अम्बष्ट,विनोद कुमार,परमेश्वर कुमार, विरेंद्र कुमार, गंगा चौधरी ,किशोरी पंडित, बासुकी प्रसाद यादव, विपिन अश्क ,साकेत कुमार ,रामचंद्र मंडल, आलोक कुमार, सुजीत कुमार, शशि भूषण मिश्र एवं भाग ले रहे सभी प्रशिक्षणार्थी आचार्य उपस्थित थे।

आयोजित | दो दिवसीय अखंड कीर्तन का आगाज 28 मई दिन रविवार को शुभ गन्धाधिवास के साथ हुआ था.

# कलयुग में श्री हरि नाम संकीर्तन ही उद्धार का एकमात्र सहारा- लीला कीर्तनिया

**दैनिक शुभ भास्कर शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड/ बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड के अंतर्गत आमटाल के श्री श्री सार्वजनिक अखंड हरि कीर्तन नीलकोठी विवेकानंद क्लब के हरि मंदिर प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय हरि कीर्तन का समापन बुधवार 31 मई को कुंज मिलन के साथ संपूर्ण हुआ. दो दिवसीय अखंड कीर्तन का आगाज 28 मई दिन रविवार को शुभ गन्धाधिवास के साथ हुआ था. श्री श्री गौर हरि कीर्तन गर्ल्स रंगदल ग्रुप आमटाल और राधा माधव रंग मंडली आमटाल के द्वारा आकर्षण झांकी के साथ रंग कीर्तन किया गया. निरसा की सुप्रसिद्ध लीला कीर्तनिया अपर्णा मल्लिक ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन भजन कीर्तन के माध्यम से प्रस्तुत किया. लीला कीर्तनिया ने हरिनाम संकीर्तन करते



हुए कहा कि कलयुग में श्री हरि नाम संकीर्तन ही कलयुगी जीवों के उद्धार के लिए ही एकमात्र सहारा है। सनातन धर्म सभी जीवों पर दया एवं विश्व समुदाय की कल्याण की कामना करता है। अन्य युगों में जीवों में मोक्ष प्राप्ति के कई कठिन एवं जटिल कर्मकांड थे, लेकिन भगवान ने कलियुग के मनुष्यों पर उदारता दिखाते हुए केवल हरिनाम भजन एवं कीर्तन को ही भवसागर पार करने का साधन बताया। कुंज मिलन के बाद भक्तों द्वारा बताशा,मिठाई एवं चॉकलेट विसर्जन किया गया. इस अखंड हरि कीर्तन में पूजा-पाठ पंडित आशीष चक्रवर्ती, रणजीत चक्रवर्ती,संजय चक्रवर्ती और सुबीर चक्रवर्ती द्वारा किया गया. कुंज मिलन के बाद नगर भिखा और भगवान को छप्पन भोग लगाया गया. उसके बाद पंडितों द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया. आमटाल के सुप्रसिद्ध बैरागी सुरेश दास के द्वारा राधा मिलन भजन गाकर अखंड हरिकीर्तन को समापन किया गया. अखंड हरिकीर्तन के आयोजन में सैकड़ों में महिला-पुरुष व बच्चे शामिल हुए. अखंड हरी कीर्तन में लोगों द्वारा हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के मंत्रोंचारण से पूरे क्षेत्र भक्तिमय हो गया. आयोजन को सफल बनाने में गांव के नवयुवक सक्रिय रहे. अखंड हरिकीर्तन के आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस प्रकार बृहद पैमाने पर अखंड हरि कीर्तन का उद्देश्य गांवों में अमन-चैन, जनकल्याण एवं अच्छे बारिश के लिए किया जा रहा है. मौके पर धीरेन चंद्र पाल, गणेश रवानी, मंगल रवानी,संतोष रवानी, रामेश्वर मरांडी,नंदू वर्मा,पतन आचार्य, प्रदीप दे,बबलू चंद्रा, राजकुमार कुंभकार, मिंटू चंद्रा,राहुल रवानी, राकेश रवानी, सागर अचार्य,रवि रवानी, दीपक कुंभकार, विनोद कुंभकार,लाल तूरी,विजय कुंभकार,हिरण कुंभकार,राजकुमार मुर्मू, राजेश सिंह, छोटू तूरी, महेंद्र सोरेन,अजय रवानी,करण रवानी,मोनू आचार्य, दिनेश रवानी, बंटी सिंह,आकाश मरांडी, संजीत पाल, बिट्टू पाल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अरहम ट्रस्ट ने विश्व नो तम्बाकू दिवस पर जनता में जागरूकता अभियान शुरू किया गया

**भागलपुर।** अरहम ट्रस्ट कि ओर से 31 मई 2023 को प्रधान कार्यालय में विश्व नो तम्बाकू दिवस मनाया गया,अरहम ट्रस्ट के चैयरमेन रिज़वान खान ने कहा कि सेहत के लिए तंबाकू का सेवन करना जानलेवा हो सकता है। लोगों को तम्बाकू सेवन से बचने के लिए अरहम ट्रस्ट जागरूकता अभियान शुरू किया है,जिस में जनता को जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर, और हैंड बिल के माध्यम से तंबाकू धूम्रपान का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है,धूम्रपान तम्बाकू का सेवन मीठा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को लम्बे समय के बाद पता चलता है,धूम्रपान व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डालता है। हालांकि ये बात जानते हुए भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप





से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। लोगों में बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। कुछ अध्ययनों में पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बढ़े हार्ट अटैक के लिए धूम्रपान को भी एक संभावित कारक बताया गया है। इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस यानी वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया जाता है।

## ख़ास ख़बर

# आला अधिकारियों के जांच और आदेश के बाद भी नहीं बना नवादा का कियोस्क भवन

**दैनिक शुभ भास्कर।** घनश्याम पाठक , बिष्णुगढ़ - प्रखंड संवाददाता ,हजारीबाग (झारखंड) 31 मई 2023 विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत में मोहम्मद रफीक आलम पिता जाबिर हुसैन ग्राम चरनखिया, नवादा का वर्षों का प्रयास आज भी है अधूरा अल्पसंख्यकों के लिए झारखंड सरकार के पत्रांक संख्या 280 दिनांक 31 %10 %2016 द्वारा वित्तीय वर्ष 17/18 में कियोस्क निर्माण योजना आवंटित किया गया था , जिसका शिलान्यास माननीय विधायक मांडू द्वारा 2018 में ग्राम नवादा कर्बला चौक सड़क के किनारे किया गया । परंतु गांव के कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाया गया मुख्यमंत्री के आप्त सचिव के पत्रांक संख्या 73 000 105 मु0म0आ0 का0 दिनांक 10/ 01/20 द्वारा उपायुक्त हजारीबाग को उक्त योजना के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया , प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग हजारीबाग के पत्रांक संख्या 422 जन शिकायत दिनांक 10/0 2/20 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी बिष्णुगढ़ को कार्रवाई का निर्देश दिया गया वी0डि0यो विष्णुगढ़ ने अपने ज्ञापांक 704 दिनांक 15/06/20 प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त करते हुए कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया । परंतु कियोस्क निर्माण का कार्य आज भी अधूरा है , कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग के जांचोंपरांत कार्रवाई प्रतिवेदन में स्पष्ट है कि कियोस्क भवन निर्माण अस्थल ग्राम नवादा खाता संख्या 59 प्लॉट संख्या 30 रकबा 29 डिसमिल के अंतर्गत किया जा रहा है , जो गैरमजरूआ भूमि है जिस पर सूचना पट लगा हुआ है और निर्माण स्थल के अगल-बगल खाली पड़ा हुआ है निर्माण में कोई समस्या नहीं है दंडाधिकारी व पुलिस बल प्रतिनियुक्त करते हुए कियोस्क भवन का निर्माण कराया जाए।

# भ्रस्टाचार के अधीन मनरेगा योजना - गहन जांच की जरूरत




**दैनिक शुभ भास्कर निशांत तिवारी प्रखंड संवाददाता हंटरगंज/ चतरा (झारखंड)।**जिले के हंटरगंज प्रखंड में मनरेगा कार्य के नाम पर हो रही है धांधली। पूरे प्रखंड क्षेत्र में वैसे लोगों के जॉब कार्ड बने हैं जिन्हें इसकी कोई जरूरत नहीं है और जो इसके लायक हैं उसका कोई जॉब कार्ड नही है।मनरेगा के कार्य जो लोग करवा रहे हैं वो लोग मनरेगा के पैसे खाते में मंगवाने के लिए वैसे जॉब कार्डधारियों को पकड़ते हैं जिनका जॉब कार्ड बना है वो लोग इस लायक नहीं है और नही कभी ऐसे लोगों को मजदूरी करने की जरूरत होती है। जॉब कार्डधारियों के खाते में जब पैसे आ जाते हैं तो उन पैसे को निकासी करवाने के एवज में कुछ पैसे दे दिए जाते हैं लेकिन गरीब मजदूरों को इस लाभ से दूर रखा जा रहा है।सम्बंधित विभाग की बात की जाय तो उन्हें भी सारी बातें पता है पर कोई भी इसमें सुधार नहीं किया जा रहा है।क्योंकि संबंधित विभागीय लोगों को भी परसेंटेज दिया जाता है। कही कही पे तो मशीन द्वारा कार्य किया जा रहा है जो पुरी तरह से गैरकानूनी है। शिकायत की स्थिति की बात करे तो आये दिन शिकायत आती है पर सम्बन्धित विभाग ऐसे मामलो को सुन के अनसुना कर देते है क्योंकि ऐसे मामलो मे फायदा जो मिलता है। कुछ जगहों पे काम आज तक नही हुआ और निकासी कर ली गयी है जिसकी गहन जांच करने की अवस्यकता है ताकि भविष्य मे अनियमितता ना बरती जाये

# मोटरसाइकिल सड़क दुघर्टना में दो व्यक्ति घायल

**दैनिक शुभ भास्कर/घनश्याम पाठक, संवाददाता बिष्णुगढ हजारीबाग (झारखंड)।** 31मई 23 बिष्णुगढ से गोमीयां रोड पर अरजरी, अलकिलवा के पास सड़क दुघर्टना में राधेश्याम महतो उम्र 55 पिता स्वर्गीय सूकर महतो, ग्राम जमनीजरा एवं शनिचर महतो उम्र 50 पिता स्व लीलो महतो ग्राम बकसपूरा दोनों गोमीयां की ओर जा रहे थे , मोटरसाइकिल तिरछी मोड़ सड़क से फिसल जाने के कारण हुई, दोनों का इलाज बिष्णुगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हूआ इन घायलों को मदद के लिए बकसपूरा मुखिया नन्हकू महतो तथा पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर महतो जमनीजरा ने आगे बढ़कर पहल किया।

# घाटशिला के गिरफ्तार अधिवक्ता तपन कुमार चटर्जी को मिली जमानत



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ ।** पूर्वी सिंहभूम झारखंड 31 मई 2023 - घाटशिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बुधवार को अपने सहकर्मी अधिवक्ता तपन कुमार चटर्जी को जमानत मिल जाने पर खुशी मनाई. बुधवार को कैंप कोर्ट करने घाटशिला पहुंचे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने उनकी जमानत मंजूर कर ली.

बता दें कि विगत 22 मई की रात 11 बजे घाटशिला पुलिस ने अधिवक्ता तपन कुमार चटर्जी को मुसाबनी थाना कांड संख्या 26/2023 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था. इसके बाद विगत 24 मई को घाटशिला बार एसोसिएशन के महासचिव रामा प्रसाद मुखर्जी ने रेजोल्यूशन लिया, जिसमें 63 अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर किया, जिसके बाद उसे एसीजेएम सुशीला सोरेन के कोर्ट में दाखिल किया गया. लेकिन वह रिजेक्ट कर दिया गया. इससे नाखुश अधिवक्ताओं ने विगत 27 मई को आम सभा बुलाई, जिसमें जिला बार संघ लायर्स डिफेंस के प्रतिनिधि के रूप में अधिवक्ता अक्षय कुमार झा भी शामिल हुए. इसके बाद घाटशिला बार एसोसिएशन के महासचिव ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, झारखंड स्टेट बार काउंसिल व वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ अन्य पदाधिकारियों को भी लिखित प्रतिवेदन भेजा. इसके परिणाम स्वरूप आज 31 मई 2023 को कैंप कोर्ट के लिए घाटशिला पहुंचे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा व वरीय पुलिस अधीक्षक ने जाकर वहां पूरी जांच की, जिसके बाद अधिवक्ता तपन कुमार चटर्जी को बेल प्रदान कर दिया. इसी के साथ-साथ घाटशिला बार एसोसिएशन के महासचिव रामा प्रसाद मुखर्जी ने बताया कि आज उन्होंने एक आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें निर्णय लिया गया कि अब तक काम से अलग चल रहे अधिवक्ता गुरुवार से अपने काम पर वापस आ जाएंगे. लेकिन पुलिस की इस बर्बरता पूर्ण कार्य के लिए उन्होंने कंप्लेन पिटीशन भी फाइल किया है और उनकी लड़ाई जारी रहेगी. अधिवक्ता अक्षय कुमार झा ने कहा कि वे एवं पूरा लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन घाटशिला के अधिवक्ताओं के साथ है,

वहीं लॉयर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ता मिथिलेश सिंह, चंदन कुमार यादव, हेमंत कुमार, रमेश प्रसाद आदि ने आज जमशेदपुर जिला बार संघ के द्वितीय तले पर एक बैठक कर घाटशिला बार एसोसिएशन के महासचिव रामा प्रसाद मुखर्जी को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी अधिवक्ता एक हैं और जब-जब अधिवक्ताओं के साथ ऐसी कोई भी ज्यादती होगी, तब एक साथ प्रशासन एवं उसके पदाधिकारियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि यही उनका अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने के लिए आंदोलन का एक रूप होगा.

# सुरदा ग्राम सभा ने सूरदा माइन्स संचालन के लिए एसडीएम को सौंपा स्वीकृति पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ ।** पूर्वी सिंहभूम झारखंड 31 मई 2023 - सुरदा माइंस के पर्यावरण स्वीकृति हेतु वन भूमि उपयोजन को लेकर वन अधिकार समिति की स्वीकृति हेतु ग्रामसभा की सहमति के बाद अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई बैठक में सुरदा ग्राम सभा ने सशर्त सहमति प्रदान कर दिया है।

सहमति पत्र में 4 बिंदुओं का जिक्र किया गया है। जिसमें माइंस का चालान निर्गत होने के बाद बैठाए गए शेष मजदूरों को तुरंत काम पर रखने, ग्रामसभा के साथ कंपनी का हुआ एकरारानामा 2 साल तक मान्य रखने, ग्रामसभा के साथ हुआ एकरारनामा में कंपनी प्रबंधन द्वारा टालमटोल करने की स्थिति में ग्राम सभा को माइंस बंद करने के अधिकार का भी जिक्र किया गया है। साथ ही कहा गया है कि ऐसी स्थिति में कंपनी प्रबंधन आर्थिक क्षति के लिए खुद जिम्मेदार होगा, सीएसआर एवं कंपनी संचालन को लेकर आने वाली समस्याओं के लिए कोर कमेटी के साथ प्रशासनिक अधिकारियों संग बैठक करने की बात कही गई है। सहमति पत्र में ग्राम प्रधान लखन टुडू, सचिव सोमाय टूडू सहित ग्रामसभा के 9 सदस्य, एंव अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एचसीएल आई सी सी के इकाई प्रमुख, एचआर हेड, सीएसआर प्रमुख, प्रोजेक्ट हेड माइंस मैनेजर सहित कुल 8 पदाधिकारियों की उपस्थिति में सहमति पत्र प्रदान किया गया। मालूम हो कि पांच प्रभावित गांव के वन अधिकार समिति की सहमति सूरदा माइन्स के लिए चाहिए, जिसमें सिर्फ अब तक सुरदा ग्रामसभा ने ही सहमति दिया है।

## कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर बी. सी.के यू ने रखा सम्मान समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड/ तिसरा।** दोबारी कोलियरी के BCCL कर्मी संजय गणक, विजय कुमार पासवान, जगन्नाथ मोदक, कालीचरण महता ,अर्जुन रविदास कुल पांच कर्मियों के सेवानिवृत्त होने के पश्चात बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से दोबारी/बेरा हाजिरी घर प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजन किया गया। सभी मजदूरों को अंग वस्त्र , बेग, डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मजदूरों को संबोधित करते हुए केंद्रीय नेता ए .एम पाल ने कहा कि सभी मजदूर हमेशा ईमानदारी के साथ कंपनी का काम किया। यूनियन के कार्यक्रम में हमेशा योगदान दिए कंपनी से सेवानिवृत्त हो रहे हैं लेकिन समाज और संगठन से नहीं और भी आगे अच्छा काम करें समाज में उनकी जरूरत है। सेवानिवृत्त के बाद जो राशि मिलती है उसे अपने भविष्य के लिए रखें ताकि आने वाले दिनों में उन्हें काम आ सके। जबकि प्रबंधक अजय विश्वकर्मा ने कहा कि संजय एवं अन्य के साथ प्रबंधन का रिश्ता हमेशा अच्छा रहा काम के दौरान कुछ नोकझोंक होती थी लेकिन कंपनी हित के लिए सब लोग हमेशा तत्परता से काम करते थे उनकी कमी खलेगी। मौके पर बीडी सिंह, प्रभास पाल, लीला चौहान, राणा चट राज, सुरजीत चंद्रा, सीताराम पासवान, देवाशीष गांगुली ,विनोद कुमार, राहुल कुमार, राणा सिंह ,आनंद लाल महतो, गोविंद गोराई ,आनंद कोरा ,ए ,एस दास राजू बाउरी, अंजन बराट, देवव्रत माजी, नरेश रजक आदि थे।

## कोलकाता में आयोजित दीक्षांत समारोह में जादूगोड़ा की बेटी सुनैना खेमका को मिले एक साथ तीन गोल्ड मेडल



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ।** पूर्वी सिंहभूम झारखंड 31 मई 2023 - कॉस्ट मैनेजमेंट एकाउंटिंग(सीएमए) में ऑल इंडिया में रैंक थर्ड लाने पर इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट एकाउंटिंग ऑफ इंडिया के तरफ से एक दीक्षांत समारोह में सुनैना खेमका को पश्चिम बंगाल के गवर्नर एवं इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट,वाइस प्रेसिडेंट और काउंसिल के सभी मेंबर की उपस्थिति में तीन गोल्ड मेडल, एक रैंक मेडल एवं दो बुक प्राइस साथ में नगद राशि देकर सम्मानित किया गया.।

# आला अधिकारियों के जांच और आदेश के बाद भी नहीं बना नवादा का कियोस्क भवन

**दैनिक शुभ भास्कर/ घनश्याम पाठक , प्रखंड संवाददाता ,हजारीबाग।** (झारखंड) 31 मई 2023 विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत में मोहम्मद रफीक आलम पिता जाबिर हुसैन ग्राम चरनखिया, नवादा का वर्षों का प्रयास आज भी है अधूरा अल्पसंख्यकों के लिए झारखंड सरकार के पत्रांक संख्या 280 दिनांक 31 10 2016 द्वारा वित्तीय वर्ष 17/18 में कियोस्क निर्माण योजना आवंटित किया गया था , जिसका शिलान्यास माननीय विधायक मांडू द्वारा 2018 में ग्राम नवादा कर्बला चौक सड़क के किनारे किया गया । परंतु गांव के कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाया गया मुख्यमंत्री के आप्त सचिव के पत्रांक संख्या 73 000 105 मु0म0आ0 का0 दिनांक 10/ 01/20 द्वारा उपायुक्त हजारीबाग को उक्त योजना के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया , प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग हजारीबाग के पत्रांक संख्या 422 जन शिकायत दिनांक 10/0 2/20 द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी बिष्णुगढ़ को कार्रवाई का निर्देश दिया गया वी0डि0यो विष्णुगढ़ ने अपने ज्ञापांक 704 दिनांक 15/06/20 प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त करते हुए कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया । परंतु कियोस्क निर्माण का कार्य आज भी अधूरा है , कार्यपालक दंडाधिकारी हजारीबाग के जांचोंपरांत कार्रवाई प्रतिवेदन में स्पष्ट है कि कियोस्क भवन निर्माण अस्थल ग्राम नवादा खाता संख्या 59 प्लॉट संख्या 30 रकबा 29 डिसमिल के अंतर्गत किया जा रहा है , जो गैरमजरूआ भूमि है जिस पर सूचना पट लगा हुआ है और निर्माण स्थल के अगल-बगल खाली पड़ा हुआ है निर्माण में कोई समस्या नहीं है दंडाधिकारी व पुलिस बल प्रतिनियुक्त करते हुए कियोस्क भवन का निर्माण कराया जाए।

# दिव्यांग दाऊद अंसारी की ट्राई साइकिल की इच्छा पूरा किया विधायक कुमार जय मंगल सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर , साजिद , ब्यूरो चीफ।** बोकारो (झारखंड) बेरमो विधानसभा के युवा विधायक कुमार जयमंगल सिंह के द्वारा गायछन्दा पंचायत में क्षेत्र भ्रमण के दौरान गायछन्दा निवासी दाऊद अंसारी (दिव्यांग) ने अपने विधानसभा के विधायक से ट्राय साईकल की मांग की थी। दाऊद अंसारी ट्राई साइकिल नहीं होने की वजह से कहीं आ जा नहीं सकते थे और उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।दाऊद अंसारी के इस आवश्यकता को समझते हुए आज मंगलवार को विधायक कुमार जय मंगल सिंह के पहल पर समाज कल्याण विभाग जरीडीह प्रखण्ड के द्वारा ट्राय साईकल प्रदान किया गया। दाऊद अंसारी अपने ट्राई साइकिल प्राप्त कर खुशी का इजहार किया साथ साथ अपने विधायक के दरियादिली से प्रफुलित दिखाद्य । कुमार जय मंगल सेना के सदस्य अप्पू दुबे ने कहां झारखंड के सबसे संवेदनशील विधायक में से हमारे बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह का नाम आता हैं। इस मौके पर जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी उज्ज्वल कुमार सोरेन ,नीजि सचिव बिनोद कुमार महतो,वरिष्ठ कांग्रेसीअजित प्रामाणिक,राहुल रवानी आदि लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रवेश परीक्षा में जमशेदपुर में शामिल हुए 1638 छात्र-छात्राएं



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ ।** पूर्वी सिंहभूम झारखंड 31 मई 2023 - निजी विद्यालयों में महंगी फीस देकर अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाने वाले अभिभावकों के लिए मंगलवार का दिन काफी खास रहा. जमशेदपुर जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए जमशेदपुर शहर के 4 सेंटर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई जिसमें बड़ी उत्साह से बच्चे एवं अभिभावक सुबह 9 बजे से ही सेंटर पहुंचने लगे थे. शारदामणि उच्च विद्यालय साकची के परीक्षा केंद्र में 188 बच्चे, साकची उच्च विद्यालय में 310, सिस्टर निवेदिता उच्च विद्यालय के सेंटर में 495 तथा सेंट्रल करीमिया उच्च विद्यालय साकची स्थित परीक्षा केंद्र में 645 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी की थी. जमशेदपुर की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा भी लिया. प्रवेश परीक्षा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई. परीक्षा संपन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकलने वाले ज्यादातर छात्र ङ्क छात्राओं के चेहरे खिले हुए दिखे।

छात्र ङ्क छात्राओं ने परीक्षा का पेपर आसान होने की बात कही. परीक्षा देने पहुंचे छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य सरकार के इस पहल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में भी पढ़ना भी गौरव की बात होगी, निजी विद्यालय वाले बच्चों से कहीं से भी कम नहीं होंगे उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे और यह सुविधा निःशुल्क मिलने जा रही इससे बेहतर और क्या हो सकता है. अभिभावकों ने काफी उत्साह के साथ इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब खराब आर्थिक स्थिति के कारण अच्छे अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा लेने से गरीब बच्चे वंचित नहीं रहेंगे. जिले के तीनों सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन को लेकर कुल 2029 छात्र ङ्क छात्राओं ने आवेदन किया था, जिसमें से कुल 1638 छात्र ङ्क छात्राओं ने आज प्रवेश परीक्षा दिया. मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र ङ्क छात्राओं को जिले के तीन विद्यालय जमशेदपुर बालिका उच्च विद्यालय साकची, केजीबीवी जमशेदपुर एवं बीपीएम +2 अपग्रेडेड उच्च विद्यालय बर्मामाइंस में नामांकन लिया जाएगा.

**प्रदर्शन** ना यहां सड़क और ना है कोई अन्य सुविधाएं,कोई अपनी बेटी भी इस गांव में देने से कतराते हैं

# गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बुरूडीह पंचायत के धीवर टोला आज भी है मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**दैनिक शुभ भास्कर, रंजीत राणा ब्यूरो चीफ ।** पूर्वी सिंहभूम झारखंड 31 मई 2023 - देश की आज़ादी के बाद झारखंड राज्य अलग होने के प्रश्चात् सरायकेला खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बुरूडीह पंचायत के धीवर टोला के लोग आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं । आज जो भी जन प्रतिनिधि इनके मतदान से जीतते आये हैं। पंचायत से प्रखण्ड और जिला स्तर के पद से जीत कर जाते रहे हैं किसी ने इनके हक और इनके समस्याओं को लेकर कोई आवाज नही उठाया।

जब भी चुनाव नजदीक आता है नेता मंत्री और पंचायत में मुखिया ,पंचायत समिति ,जिला परिषद आदि उम्मीदवारों द्वारा इन लोगो से बड़े बड़े बायदे किये जाते रहे हैं।लेकिन जीत जाने के बाद सभी इनकी समस्या और अपने वायदे भूल जाते हैं। मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी पर यह गांव बसा हुआ है।और सरकारी योजना अंतिम गांव तक नही पहुंच पाता है।

आज भी यहां लोग सरकारी योजना से वंचित रहे। ग्रामीणों द्वारा कोई बार लिखित रूप से सभी पदाधिकारी को अपनी समस्या लिख कर दिया गया विभिन्न समस्याओं को लेकर ,आज तक एक भी योजना का कार्य नही पहुंचा । जो दुःखद है। इस पंचायत में अधिकतर धीवर परिवार के लोग बेस हैं जिनके पास समस्या हैं समस्या है।

सरायकेला जिला के गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 से 15 किमी की दूरी पर स्थित उक्त गांव तक जाने के लिए आज भी लोगों को पगडंडी ही उसका मुख्यमार्ग है। आवागमन के लिए सड़क की व्यवस्था नहीं होने की वजह से बरसात के समय उक्त गांव से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है ।

सरकार से फरियाद के बाद भी उनकी समस्या को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया है । इसको लेकर ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया । गांव की स्थापना आजादी से पूर्व हुई थी देश के आजादी के पूर्व से सड़क की समस्या यहां जस की तस बनी हुई है । प्रत्येक। चुनाव में नेता मंत्री गांव पहुंचते है । सड़क ,बिजली ,शिक्षा, स्वास्थ्य केंद्र बनाने का आश्वासन भी देते है ।चुनाव के परिणाम के बाद बाद दोबारा लौटकर कोई शुद्धि लेने नहीं पहुंचते है। कांदरबेड़ा एन एच 33 मुख्य राज्य मार्ग से पुडिशिल्ली सड़क को बुरूडीह सुवर्णरिखा नदी घाट को न्यू पुल का निर्माण हो जाने से उक्त गांव के लोगो को प्रतिदिन 30 किलो मीटर सपड़ा होते हुए घूमना नही पड़ेगा । बरसात में नदी में बाड़ आजाने से लोगो लंबी रास्ता तय करके गांव पहुंचते है। 8 महीना लोगो ने बुरूडीह नदी घाट से नाव द्वारा मोटर साइकिल घरेलू सामग्री लेकर नदी पार करते है। इस घाट में दो नाव चलता है। जिसे सेकडो ग्रामीणों चांडिल ,रांची जाने के लिए सुविधा होता है। कभी कभी ग्रामीणों ने मरीज का इलाज कराने के लिए नाव द्वारा चांडिल मुख्यालय स्वास्थ्य केंद्र या फिर एमजीएम हॉस्पिटल ले जाते है।ग्रामीणों का मांगे है।इस घाट पर सरकार।द्वारा पुल का निर्माण करने से कोई परिवारों को आवागमन के लिए सुविधा होगा । कई बार देखा गया कि मरीजों को खटिया में ढोकर ले जाना पड़ता है बाहर । गांव के 80 वर्षीय बुजुर्ग मधु धोरा ने कहा कि गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने से सबसे बड़ी परेशानी बीमार पड़ने वाले मरीज व छात्रों को होती है । मधु धोरा ने कहा कि गांव तक जाने को सरल साधन नहीं होने की वजह से बीमार पड़ने वाले मरीजों को खटिया में ढोकर गांव से बाहर लाया जाता है । उसके बाद वहां से वाहन के माध्यम से अस्पताल तक ले जाया जाता है ।इस दौरान गांव से निकालने में देर होने की वजह से कई ग्रामीणों की असामयिक मृत्यु भी हो चुकी है. बेटी ,बहन की शादी के लिए रिश्ता जोड़ने को कतराते है रिश्तेदार। बुजुर्ग महिला मंजूड़ा धीवर ने कहा कि गांव तक सड़क की व्यवस्था नहीं होने से यहां के युवक-युवतियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही । सड़क के अभाव में रिश्तेदार उक्त गांव में नया रिश्ता जोड़ने में कतराते है।

## ख़ास ख़बर

## तेज रफ्तार हाईवा ने टोटो को मारी टक्कर, टोटो चालक सहित तीन घायल



**राजमहल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीपुर के समीप उधवा राजमहल मुख्य पथ पर अनियंत्रित तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे टोटो चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। वही मिली जानकारी के अनुसार टोटो चालक यात्रियों को लेकर जामनगर की ओर जा रहे थे कि इसी क्रम में तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा ने टक्कर मार दी। जहां इस घटना में टोटो चालक नया बाजार के महबूब आलम पिता कुदरत शेख, टोटो सवार जामनगर के तुषार कुमार साह 13 वर्ष पिता शशि कुमार साह, खरदिघी के नूर इस्लाम शेख उम्र 12 वर्ष पिता नजरुल शेख घायल हो गए। उधर सभी घायल को इलाज हेतु राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। वही खबर लिखे जाने तक सभी घायलों का इलाज चल रहा था। उधर राजमहल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी हालांकि थाने में किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई थी। वही मामले को लेकर राजमहल थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रतलाम पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के कई इलाकों में की छापेमारी, नही हुई किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के दुसाद पाड़ा, गुल्ली भट्टा, रसूलपुर दहला सहित कई मोहल्ले में मंगलवार की देर शाम को रतलाम पुलिस ने नगर थाना पुलिस के सहयोग से छापामारी अभियान चलाया है। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई है। इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी शिव कुमार सिंह ने बताया कि रेल से सबंधित पुराने मामले में मध्य प्रदेश के रतलाम जिले की रेल पुलिस दो आरोपियों के तलाश में साहिबगंज पहुंची हुई थी जहाँ नगर थाना पुलिस ने आरोपी के तलाश में विभिन्न मोहल्ले मे छापामारी अभियान चलाई है लेकिन उन लोगों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## मनोविज्ञान प्रयोगशाला प्रभारी को दी गई भावभिनी विदाई



**साहिबगंज।** जिला के बरहरवा क्षेत्र में बीएसके कॉलेज में मनोविज्ञान प्रयोगशाला प्रभारी के पद पर कार्यरत रविन्द्र भगत के सेवानिवृति पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसको लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य वसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि रविन्द्र भगत के कार्यो की प्रशंसा करते हुए बताया कि उन्होंने मनोविज्ञान प्रयोगशाला प्रभारी के रूप में 1985 से 31 मई तक अपनी सराहनीय सेवा प्रदान किया। वही अपनी सेवाकाल में बड़ी मेहनत व लगन से कार्य किया जिन्हें भुलाया नही जा सकता है। वही बप्राचार्य ने उनकी स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनकी सरल स्वभाव हमेशा याद किया जाएगा। वही सेवानिवृत्त रविन्द्र भगत ने भी उनके कार्यकाल में सभी का सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए भावुक हो गए। इस मौके पर डॉ. रंजन कांत साहा, डॉ. चंदन बोहरा, प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. सुधा ग्लेडियस किस्कु, प्रो. संदीप मंडल, मनोरंजन तिवारी, प्रवीर दास, रिजवान बिन बसर, कृष्ण, मिथिलेश, मंगत उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल सड़क दुघर्टना में दो व्यक्ति घायल

**दैनिक शुभ भास्कर घनश्याम पाठक, संवाददाता बिष्णुगढ हजारीबाग (झारखंड)।** 31मई 23 बिष्णुगढ से गोमीयां रोड पर अरजरी, अलकिलवा के पास सड़क दुघर्टना में राधेश्याम महतो उम्र 55 पिता स्वर्गीय सूकर महतो, ग्राम जमनीजरा एवं शनिचर महतो उम्र 50 पिता स्व लीलो महतो ग्राम बकसपूरा दोनों गोमीयां की ओर जा रहे थे

# 5 जून को सुबह 6 बजे होगा साइकिल रैली का आयोजन



**साहिबगंज।** उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आगमी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की सफलता हेतु समन्यवय एवं तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

वही बैठक में बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को मिशन लाइफ कैंपेन 2023 अंतर्गत बोरियो प्रखंड स्थित बांझी तालाब के निकट ज़िलास्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में पौधारोपण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एवं पूरे दिन विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में बताया गया कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, वन्य जीवों के संरक्षण, वृक्षों के महत्ता, अपने गांव मोहल्ले टोले को स्वच्छ रखने और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने, जल संरक्षण, प्लास्टिक का उपयोग ना करने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने आदि के उद्देश्य से शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पर्यटन विभाग, वन विभाग, जेएसएलपीएस एवं अन्य विभागों को पर्यावरण दिवस मनाने का निर्देश प्राप्त है। इसी संबंध में उपायुक्त ने बारी बारी से सभी विभागों को क्या कार्यक्रम आयोजित करेंगे इसकी जानकारी ली तथा इससे संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में बताया गया कि आगामी 5 जून को प्रातः 6 बजे पुलिस लाइन से मुफ्फसिल थाना तक साइकिल रैली आयोजित की जाएगी। इसी संबंध में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों से इस साइकिल रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया। वही उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है इसके लिए आप सभी निवासियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में इस साइकिल रैली में सम्मिलित होकर जिलेवासियों को एक सकारात्मक संदेश दें कि हम सब साथ हैं और पर्यावरण को बचाने में आवश्यक सहभागिता देंगे। वही बैठक के क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ साथ प्रखंडों में भी कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पंचायती राज विभाग को प्लास्टिक का उपयोग ना करें को प्रेरित करने से संबंधित अभियान चलाने, शिक्षा विभाग को विद्यालय स्तर पर चित्रांकन, क्विज, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए लोगों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश देने, वही स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को भी कार्यक्रम से जोड़ते हुए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन से संबंधित अहम निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, अपर समाहर्ता विनय मिश्र, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र दुबे, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सविता सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोविंद कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला गंगा समिति के सदस्य चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रो. रंजीत सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस मतीन तारीक एवं अन्य उपस्थित थे।


## प्लस टू आदर्श कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया में नामांकन हेतु साक्षात्कार हुई संपन्न



साहिबगंज। बुधवार को प्लस टू आदर्श कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया जो उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में जिला अंतर्गत चयनित है इसमें सत्र 2023 - 24 में वर्ग बाल वाटिका तथा कक्षा प्रथम में नामांकन हेतु बालिकाओं एवं अभिभावकों का साक्षात्कार कार्यक्रम 31 मई को संपन्न हुआ। जहां बाल वाटिका वर्ग में कुल प्राप्त 43 नामांकन आवेदन में से 40 छात्राओं का तथा वर्ग प्रथम में कुल प्राप्त 51 आवेदन में से 49 छात्राओं का साक्षात्कार हुआ। वही दोनों वर्गों में 40 - 40 छात्राओं का नामांकन होना है। जहां दिनांक 7 जून 2023 को चयनित छात्राओं की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी तथा दिनांक 13 जून 2023 से 25 जून 2023 तक नामांकन ली जाएगी। इस साक्षात्कार कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षक के कार्य में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुकृति कुमारी, जिला स्तरीय पर्यवेक्षक के लिए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना के आशीष कुमार मौजूद थे। जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुर्गानंद झा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यह साक्षात्कार कार्यक्रम संपन्न हुई।वही विद्यालय स्तर पर साक्षात्कार कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमना राय, शिक्षक मनोहर शर्मा, स्नेह शंकर, माला रानी दत्ता, रीता कुमारी, सीमा कुमारी, संध्या किरण, दीपशिखा भारती, गीता कुमारी गुप्ता, आईसीटी लैब निर्देशक कुमार विक्रम झा, अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष किरण देवी विद्यालय प्रबंध समिति की सराहनीय भूमिका रही। ज्ञातव्य हो कि पूरे राज्य में स्थापित उत्कृष्ट विद्यालय (सीबीएसई मान्यता प्राप्त) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अति महत्वपूर्ण योजना है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बीडीओ ने की बैठक

**मंडरो।** प्रखंड सभागार में बुधवार को बीडीओ कनक एवं सीओ नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें तम्बाकू से होने वाले रोगों एवं दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। वही बताया कि सेहत के लिए तंबाकू का सेवन जानलेवा है। वही तंबाकू और धूम्रपान व्यक्ति का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह सेहत को खराब कर देता है जिसके कारण आए दिन तंबाकू सेवन करने वाले लोगों की मृत्यु होती रहती है। इस मौके पर प्रभारी बीपीआरओ सुनील कुमार दास, आंगनबाडी महिला पर्यवेक्षिका शांति हांसदा के आलावा मिथुन कुमार, राहुल कुमार, आशीष भगत, प्रभु मंडल सहित प्रखंड के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।



## इंटर आर्ट्स की परीक्षा में भाई बहन ने लहराया सफलता का परचम



**तीनपहाड़।** इंटर आर्ट्स परीक्षा के रिजल्ट में तीनपहाड़ इंटर कॉलेज की छात्रा खुशी राज ने 403 अंक व छात्र शिवम राज ने 373 अंक लाकर तीनपहाड़ इंटर कालेज के नाम रौशन किया है। इसको लेकर छात्रा खुशी ने बताई कि उनके पिता राजकुमार स्वर्णकार का ज्वेलरी की दुकान है और माता रजनी देवी गृहणी है। वही खुशी आगे की पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है और देश की सेवा करनी चाहती है। वही छात्र शिवम राज आगे खेल की दुनिया में जाना चाहता और माता पिता का नाम रौशन करना चाहता है। वही दोनों भाई बहन का श्रेय माता पिता सहित परिवार के लोगों पर जाता है जिनके सहयोग से वह यह मुकाम हासिल किया है।

## दीर्घकालिक लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए करें स्नातक (प्रतिष्ठा) के विषयों का चयन- जय



**दैनिक शुभ भास्कर, कामाख्या नारायण मिश्र,जिला संवाददाता/ धनबाद (झारखंड)।**

12 वीं आर्ट्स के बाद के करियर और कोर्स चुनना छात्रों के लिए एक कठिन और अक्सर चुनौतीपूर्ण काम होता है। हालांकि, थोड़े से शोध और मार्गदर्शन के साथ 12वीं आर्ट्स के बाद सही करियर विकल्प चुनना आसान हो सकता है। उक्त बातें 12वीं आर्ट्स के बाद पाठ्यक्रम की तलाश कर रहे छात्रों के लिए टाटा कंसल्टेंसी द्वारा सामुदायिक भवन, भौरा, धनबाद में आयोजित करियर कॉउंसलिंग के दौरान संबोधित करते हुए जय भैया ने कही। उन्होंने बताया कि कुछ लोकप्रिय करियर विकल्पों में शिक्षण, सामाजिक कार्य, सामग्री लेखन, इवेंट मैनेजमेंट और इंटीरियर डिजाइन शामिल हैं। श्री मिश्र ने बताया कि 12 वीं आर्ट्स के बाद सर्वश्रेष्ठ पाठ्यक्रम चुनते समय अपने लक्ष्य पर विचार करें और लक्ष्य के अनुरूप विषयों का चयन करें। इसके लिए वे अपने विषयों में साधारण स्नातक, व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक, शारीरिक शिक्षा में स्नातक, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, ललित कला स्नातक, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, बैचलर ऑफ इवेंट मैनेजमेंट जैसे अनेक कोर्स कर सकते हैं।

## विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर नुक्कड़ शव यात्रा निकालकर आमलोगों को किया गया जागरूक



**साहिबगंज।** बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने को लेकर नुक्कड़ शव यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया। जहां नशा पान का आए दिन क्या क्या प्रभाव आम आदमी एवं घर परिवार पर पड़ता है इस विषय में भी जानकारी दी गई। वहीं लोगों को सामाजिक जीवन पर इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए इससे दूर रहने की जानकारी लोगों के बीच बताया गया। जिसमें स्कूल कॉलेजों के छात्र छात्राएं, एनएसएस के छात्र, जिला शिक्षा अधीक्षक राजेश पासवान, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मोहन पासवान, सदर अस्पताल के कई डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं ने इस शव यात्रा निकालकर लोगों को नशा पान से दूर रहने का संदेश जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

## विरासत अवशिष्ट हटाने हेतु विशेष अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित हुई मुखिया नफीसा




**उधवा।** प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी की मुखिया नफीसा खातुन को विरासत अवशिष्ट हटाने हेतु विशेष अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा आयोजित ÷विरासत अवशिष्ट हटाने हेतु विशेष अभियान÷ में मुखिया नफीशा खातून ने उत्कृष्ट योगदान दिया है जिसके लिए मुखिया को जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि दक्षिण पलाशगाछी मुखिया नफीसा खातुन समाज के उत्थान हेतु लगातार प्रयासरत रहती हैं। इससे पहले मुखिया नफीसा ने सेनेटरी नेपकिन के क्षेत्र में महिला को जागरूक किए जाने पर 2018 में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने दिल्ली में सम्मानित किया था। वहीं 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास से रांची में सम्मानित हुई थी। वही नफीसा ने दक्षिण पलाशगाछी पंचायत में महिलाओं को रोजगार सृजित करने एवं जागरूक करने के लिए अलग पहचान बनाई है। जहां उन्होंने स्थानीय हाईस्कूल में भी स्कूली छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन का प्रयोग कर विभिन्न रोग से बचाव के लिए अभियान चलाया था। वही स्थानीय लोग मुखिया की कार्य शैली से काफी ज्यादा खुश और प्रभावित हैं।

## तंबाकू निषेध दिवस पर लिया स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया शपथ

**राजमहल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल परिसर में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने का शपथ लिया। जहां अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू ने सभी को



शपथ दिलवाया। इस संदर्भ में डॉ. उदय टुडू ने बताया कि तंबाकू का सेवन जानलेवा है. इसके लगातार सेवन कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। जहां उन्होंने क्षेत्र के युवा वर्ग को सलाह देते हुए कहा कि वे तम्बाकू या उससे जुड़े उत्पाद से पूरी तरह परहेज करें। इस मौके पर डॉ. उदय टुडू, डॉ. सादिक अंसारी, डॉ. देवेंदु बोस, बीपीएम अमित कुमार, बीडीएम मधुसूदन महतो, हर्ष राज, सचिन कुमार, अब्दुल सत्तार सहित अन्य उपस्थित थे।

**सफल** | बी. के. कोचिंग सेंटर में सफल विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# जिले के परीक्षार्थीयों ने आर्ट्स एवं कॉमर्स में लहराया परचम



**साहिबगंज।** कहते है जहां चाह वहाँ राह, मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है यह चरितार्थ कर दिखाया शहर के कॉलेज रोड स्थित बी. के. कोचिंग सेंटर से वर्ष 2023 की झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित आर्ट्स एवं कॉमर्स की परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं ने। जहां इस कोचिंग संस्था में आर्ट्स एवं कॉमर्स मिला कर कुल 110 विद्यार्थियों में 108 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास किया है जबकि 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से सफल रहे। वही बी. के. कोचिंग सेंटर में सफल विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां कोचिंग के संस्थापक डॉ. वीर कुमार केसरी एवं जूही मैम ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इस मौके पर डॉ. वीर कुमार केशरी ने कहा कि उनके कोचिंग सेंटर से लगातार विद्यार्थी अच्छे अंक लाकर सफल हो रहे हैं। वही उन्होंने बताया कि कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में सन्नी कुमार सिंह सबसे अधिक अंक 389 लाया है जबकि अदिति कुमारी 370 लाकर दूसरे स्थान पर रही। वही श्रद्धा सुमन 367 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। वही कॉमर्स में पूनम कुमारी 392, आयुष कुमार 387, आशीष कुमार 383, मोनिका कुमारी 352, कृष कुमार 346, नवीन कुमार332, दीप रंजन कुमार 317, नंदनी कुमारी 316, नितिन कुमार 300 अंक लाकर सफल रहा। वही डॉ. वीर कुमार केसरी एवं जूही मैम ने कहा कि विद्यार्थियों को इसी तरह मेहनत करनी चाहिए जहां मेहनत करने से ही सफलता हासिल होती है। वही दोनों शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपको बता दें कि इस कोचिंग सेंटर में प्रत्येक साल निर्धन एवं बेसहारा छात्र छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जाती है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो में विश्व तम्बाकू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुई आयोजित



**बोरियो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो में विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर सीएचसी बोरियो की ओर से लोगों को तंबाकू नहीं सेवन करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बोरियो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखू चंद्र हांसदा की उपस्थिति में बुधवार को विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा तंबाकू नहीं सेवन करने का भी शपथ लिया गया तथा लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. विवेक भारती, डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, सुदामा कुमार साह सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## जैप 9 में विदाई समारोह का हुआ आयोजन, सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**साहिबगंज।** जैप 9 परिसर में बुधवार दोपहर पुलिस उपाधीक्षक बिंदेश्वर प्रसाद महतो व आनि(स) ओंकार प्रसाद पांडे की सेवानिवृत के अवसर पर जैप 9 के सभागार में पुलिस उपाधीक्षक अलबिनूस बाड़ा के नेतृत्व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जैप 9 के उपाधीक्षक अलबिनूस बाड़ा ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों व पुलिसकर्मी को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत का समय एक बहुत ही दुखदाई पल होता है जिस भी अधिकारी या फिर कर्मी को किसी भी विभाग में सेवा का अवसर प्राप्त होता है तो विदाई एक दिन सुनिचित होती है। वही उन्होंने उपाधीक्षक बिंदेश्वर प्रसाद व ओंकार पांडे को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर जैप 9 के कई पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।